वीरमाधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

Ref.No. 3946/Exam/VMSBUTU/2023 Date. 24/03/2023

महत्वपूर्ण सूचना

विगत में जारी किये गये निर्देशों के क्रम में सभी छात्रों व संस्थानों को सूचित करना है कि शीघ्र ही विषम सेमेस्टर 2022-2023 की मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिकायें विश्वविद्यालय के University Management Portal द्वारा प्रत्येक छात्र के Login पर समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार अवलोकन हेतु उपलब्ध होगी। इन मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिकाओं को संस्थान स्तर पर विषयवार प्रदर्शित किये जाने की कार्यवाही संस्था के निदेशक/प्राचार्य द्वारा तय किये गये समय पर दिखाया जायेगा एवं जिस विषय की उत्तर–पुस्तिका को दिखाया जायेगा, उस समय उस विषय को अध्यापित कराने वाले शिक्षक की उपलब्धता उत्तर–पुस्तिका दिखाते समय अनिवार्य रूप से होनी होगी। ताकि छात्र अपनी मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका देखते समय संशय की स्थिति में अपने विषय अध्यापक से बातचीत कर मूल्यांकन से संतुष्ट होने अथवा पुर्नमूल्यांकन कराये जाने हेतु आवेदन करने संबंधी निर्णय सहजता से ले सके।

पूर्व में दी गयी सूचना के क्रम में पुनः अवगत कराना है कि मूल्यांकन से संतुष्ट न होने की दशा में प्रत्येक विषय के पुर्नमूल्यांकन हेतु रूपये–3000/-(Non-Refandable) प्रति विषय की दर से पुर्नमूल्यांकन शुल्क छात्र द्वारा अपने Login से जमा कराते हुए आवेदन किया जा सकता है।

किसी भी उत्तर–पुस्तिका के पुर्नमूल्यांकन हेतु प्राप्त अनुरोध पर विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित उत्तर–पुस्तिका को प्रथम बार मूल्यांकन करने वाले शिक्षक से इतर संबंधित विषय के दो अन्य मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों से पुर्नमूल्यांकन कराया जायेगा। पुर्नमूल्यांकन के उपरान्त दोनो नये मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा प्रदत्त अंको के औसत से प्रथम बार प्रदान किये गये अंको को प्रतिस्थापित कर दिया जायेगा चाहे प्रथम मूल्यांकन के अंको में पुर्नमूल्यांकन के बाद प्राप्त औसत अंको में कमी हो अथवा बढ़ोतरी हो। यह भी सूच्य है कि प्रत्येक छात्र को उत्तर–पुस्तिकाये दिखाये जाने का विकल्प उनके द्वारा Login करने के उपरान्त 60 मिनट तक उपलब्ध रहेगा। मूल्यांकन की संतुष्टि की दशा में "Seen Evaluated answer book and I am Satisfied" के विकल्प को Tick करना होगा तथा अंसतुष्ट होने पर पुर्नमूल्यांकन कराने में इच्छुक अभ्यर्थियों को "Click here for Re-evaluation" को Tick करते हुए रूपये 3000/- प्रति विषय की दर से पुर्नमूल्यांकन शुल्क जमा करने के पश्चात् पुर्नमूल्यांकन की कार्यवाही संभव हो सकेगी।

उत्तर–पुस्तिकाओं का प्रदर्शन विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् छात्रों के UMS पर Login "Student Management System के अन्दर "Transactions" टैब को Click करते हुये "Showing

P.T.O.

Evaluated Answer Book & Re-evaluation On Demand" टैब को Click कर मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिकायें अपने विषय अध्यापक की निगरानी में विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कार्यक्रम के आधार पर संस्थान द्वारा निर्धारित समयावधि में देखा जा सकेगा।

मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका के अवलोकित करते समय संबंधित छात्रों/किसी अन्य के द्वारा किसी भी दशा में स्क्रीन पर मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका का फोटो खीचना/On Screen Print/Download/Pdf बनाना/Image बनाना अथवा किसी भी तकनीक से उत्तर–पुस्तिका को Download/संरक्षित किया जाना पूर्णतया निशिद्ध है एवं ऐसा करने पर विश्वविद्यालय Portal पर सतत् रूप से की जा रही मानीटरिंग के अर्न्तगत तैयार हो रहे Digital Log के आधार पर संबंधित छात्र.छात्रा/अन्य के विरूद्ध विश्वविद्यालय स्तर से उपयुक्त दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलपति वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0 को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
4. नोडल आफिसर, यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान के निदेशक/प्राचार्य को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना से अपनी संस्था के समस्त छात्रों एवं शिक्षकों को अवगत कराते हुए विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार संबंधित विषय अध्यापक की निगरानी में मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिकायें अपने छात्रों को प्रदर्शित कराने का कष्ट करेंगे।
6. गार्ड फाइल।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।